UPHIN/2011/39718


(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-157 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 19 मई 2026 youngbharatE-paper.com

## सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देंगे, प्यार से माने तो ठीक, नहीं तो दूसरा तरीका अपनाएंगेः सीएम योगी आदित्यनाथ



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोग घर में नमाज करें या शिफ्ट में पढ़ें। सड़क पर नमाज नहीं होने देंगे। प्यार से मानेंगे तो ठीक है, नहीं तो दूसरा तरीका अपनाएंगे।

लखनऊ में सोमवार को एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होने आए थे। यहां उन्होंने कहा– 'लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या आपके यूपी में लोग सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं पढ़ते। मैंने कहा कि बिल्कुल नहीं पढ़ते। आपको विश्वास ना हो जाकर देख लो। सड़कें लोगों के चलने के लिए होती हैं। क्या अधिकार है किसी को आवागमन बाधित करने का। जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करें। उन लोगों ने मुझसे कहा कि साहब कैसे होगा। हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा कि शिफ्ट में कर लो। तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है तो जनसंख्या नियंत्रित कर लो।'

मुख्यमंत्री ने कहा– 'अगर सामर्थ्य नहीं है तो क्यों बेवजह संख्या बढ़ाए जा रहे हो। सिस्टम के साथ अगर रहना है तो नियम और कानून को मानना होगा। यहां कानून का राज होगा। अगर पढ़ना आवश्यक है तो आप शिफ्ट में पढ़िए। हम उसको रोकेंगे नहीं, लेकिन सड़क पर नहीं। सड़क चलने के लिए है। एक बीमार व्यक्ति के लिए, एक आम नागरिक के लिए, एक कामगार के लिए, एक कर्मचारी के लिए, एक व्यापारी के लिए हम सड़क को बाधित नहीं होने देंगे। हमारा काम है संवाद बनाना। आप अगर संवाद से मानेंगे तो ठीक है नहीं तो संघर्ष करके भी देख लो। बरेली में इन लोगों ने ताकत आजमाया।

देख लिया इनकी ताकत। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने सबको कहा कि भाई चलने नहीं देंगे। अराजकता नहीं फैलने देंगे। कानून का राज सबके लिए है। यदि आपकी संख्या अधिक है तो शिफ्ट में नमाज पढ़ें लेकिन सड़क पर मत पढ़ें।

## कोल्डड्रिंक की तरह खून पीती है ये महिला!

### हर दिन गटकती है 1 लीटर, गाय-सूअर का ब्लड है फेवरिट

( यंग भारत न्यूज )



ड्रिंक या जूस की तरह खून पीना कल्पना में भी मुश्किल लगता है, लेकिन असल जिंदगी में एक महिला इसे आदत बना चुकी है. टीएलसी चैनल के मशहूर रियलिटी शो 'माई स्ट्रेंज एडिक्शन' में मिशेल नाम की 29 वर्षीय महिला ने अपनी अनोखी लत का खुलासा किया, जिसने पूरे दुनिया को हैरान कर दिया.

मिशेल एक टैटू आर्टिस्ट हैं और पिछले 15 साल से खून पीने की लत में फंसी हुई हैं. वह रोजाना लगभग 1 लीटर खून पीती हैं. उनका कहना है कि खून उनके लिए पानी जितना जरूरी है. इस लत ने उन्हें डिप्रेशन से निकाला और अब उनकी डेली रूटीन में शामिल है. मिशेल खून को अपने फ्रिज में स्टॉक करके रखती हैं. सुबह उठते ही वे खून का एक घूंट लेकर दिन की शुरुआत करती हैं. अगर खून ना मिले तो वे चिड़चिड़ी और बेचैन हो जाती हैं. मिशेल को अपनी इस लत का पता अपने खून के स्वाद से लगी. अपने खून को टेस्ट करने के बाद शुरू में उन्होंने जानवरों का खून पीना शुरू किया. गाय और सूअर का ब्लड उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है. सूअर का खून स्वाद में बेहतर लगता है. मिशेल खून को फ्रिज में बोतलों में भरकर स्टॉक करके रखती हैं. वे इसे कॉफी के साथ मिलाकर भी पीती हैं. शो में उन्होंने बताया कि महीने में वे करीब एक गैलन (लगभग 3.78 लीटर) सूअर का खून इस्तेमाल करती हैं. लेकिन बात यही खत्म नहीं होती. बाद में उन्होंने इंसानी खून भी पीना शुरू कर दिया. उनके कुछ दोस्त उन्हें अपना खून देते हैं, जिसे वे चूसकर अपनी लत पूरी करती हैं. डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस आदत को बेहद खतरनाक बताया है. खून में आयरन की मात्रा ज्यादा होती है. रोजाना इतना खून पीने से शरीर में आयरन जमा हो सकता है, जो लीवर, हार्ट और दूसरे अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है. संक्रमण का खतरा भी बहुत ज्यादा है. फिर भी मिशेल अपनी लत छोड़ने को तैयार नहीं हैं. शो में मिशेल की फैमिली और दोस्त भी इस लत से परेशान दिखे. उनके दोस्त कहते हैं कि वे जानते हैं कि मिशेल क्या पी रही है, लेकिन उन्हें रोक नहीं पाते. मिशेल खुद को वैंपायर कहलवाना पसंद करती हैं, हालांकि वे पूर्ण रूप से वैंपायर नहीं बनना चाहती. यह पहला मामला नहीं है जब किसी ने खून पीने की लत का खुलासा किया हो. दुनिया भर में कुछ लोग खुद को 'रियल लाइफ वैंपायर' कहते हैं. वे या तो जानवरों का खून पीते हैं या सहमति से इंसानी खून. लेकिन चिकित्सकीय रूप से यह कोई स्वस्थ आदत नहीं मानी जाती. इसके कई नेगेटिव इफेक्ट हैं.

## सुर्खियां.............

### कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों का कर दिया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई** । घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी रोहित सेंगर व हरविलास सिंह के बीच घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर सोमवार की सुबह विवाद हो गया।

### साप्ताहिक बाजारबंदी को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई** । नगर में साप्ताहिक बाजारबंदी को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई। शनिवार को व्यापारियों द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन देकर बाजारबंदी का पालन सुनिश्चित कराने की मांग किए जाने के बाद सोमवार को नगर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजारबंदी के दिन खुली मिली दुकानों को बंद कराया गया और व्यापारियों को दोबारा दुकान खोलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### अब नदीगांव से लापता हुई नाबालिग किशोरी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । नदीगांव थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मध्यप्रदेश निवासी युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस हर पहलू पर पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। नदीगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। समय रहते घर न लौटने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।

## भाई-भाई बोल चीखती रही; युवक ने दांतों से प्राइवेट पार्ट को काटा

### रात में लड़की को पकड़ा, पेड़ से बांधा और की दरिंदगी

( यंग भारत न्यूज )



**हरदोई।** हरदोई से दरिंदगी का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है. बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र में एकतरफा प्यार में एक युवक ने युवती के शादी से इनकार करने पर उसके दोनों प्राइवेट पार्ट अपने दांतों से काट दिए. पूरा मामला 11 मई का बताया जा रहा है. 17 साल की पीड़ित लड़की ने बताया कि एक कार्यक्रम से लौटते वक्त युवक उसे जबरन एक सुनसान जगह पर उठा ले गया. इसके बाद पेड़ से बांधकर युवक शादी का दबाव बनाने लगा. युवती ने रिश्ते में भाई लगने की बात कहने पर गुस्से में उसने पहले मारा–पीटा और फिर उसके प्राइवेट पार्ट काट दिए. पीड़िता की मां का आरोप है कि वह बेटी को लेकर वह थाने और चौकी रातभर भटकती रही, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की. बाद में केवल मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया. पीड़िता दिल्ली में अपनी बड़ी बहन के साथ रहती है. वह बीते 3 मई को अपनी चचेरी बहन की शादी में आई थी. उसने बताया कि 11 मई को चचेरी बहन के शादी के पहले तेल पूजन का कार्यक्रम था. रात में वह और उसका पूरा परिवार उसी में शामिल होने गया था. चाचा का घर उसके घर से करीब 200 मीटर दूर है. रात में मां ने एक बार घर जाकर देखने को कहा. वह अकेली ही घर जा रही थी कि रात करीब 11 बजकर 15 मिनट पर गांव के ही रहने वाले अतुल ने उसे रास्ते में पकड़ लिया. युवती ने बताया– 'उसने मेरा मुंह दबाया और एक सुनसान जगह पर ले गया. मुझे एक पेड़ से बांध दिया. इसके बाद मुझपर शादी का दबाव बनाने लगा. जबरन बात करने और रोज–रोज मिलने की बात कहने लगा. मैंने जब कहा कि ऐसा नहीं हो सकता, तो वह गुस्से में आ गया. मैंने समझाया कि वह मेरे रिश्ते में भाई लगता है और उसे भईया कहती हूं, लेकिन वह नहीं माना और मुझे मारता रहा.' उसने आगे बताया– 'युवक ने पीटकर मुझे अधमरा कर दिया. फिर पूछा कि शादी करोगी या नहीं. मैंने न कहा तो उसने मेरे दोनों प्राइवेट पार्ट काटकर घायल कर दिए. मेरे शरीर से खून बहने लगा और मैं दर्द के मारे बेहोश हो गई.' पीड़िता ने बताया, 'जब होश आया तो अतुल वहां नहीं था. मैं दर्द में ही किसी तरह खुद को बंधन से अलग की. फिर धीरे–धीरे चलते हुए घर पहुंची. घर पहुंचने पर पूरी आपबीती सुनाई. मां मुझे लेकर प्रतापनगर चौकी पहुंची, लेकिन वहां किसी ने हमारी बात नहीं सुनी. फिर हम कोथावां चौकी गए, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई.' लड़की ने बताया– 'मेरी हालत खराब होती जा रही थी. मां मुझे लेकर बेनीगंज सीएचसी गई. वहां डॉक्टर ने इसे पुलिस केस बताते हुए थाने में सूचना दी.' पीड़िता ने बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से उससे छेड़खानी कर रहा था. राह चलते उसे छेड़ता था. इससे पहले भी दो बार रास्ता रोककर शादी का दबाब बनाने की कोशिश की थी. पीड़िता की मां ने कहा, 'सरकारी अस्पताल में एक दरोगा और सिपाही पहुंचा. उसने बेटी और मेरा बयान लिया. चूंकि हम पढ़े–लिखे नहीं हैं, इसलिए उसने खुद प्रार्थना पत्र लिखा, लेकिन महज मारपीट का एप्लीकेशन लिखा और थाने में मारपीट का केस दर्ज कर दिया गया. 5 दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है.'

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नियमों में बड़ा बदलाव, योगी कैबिनेट ने नए प्रस्ताव पर लगाई मुहर

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में जन्म और मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और व्यवस्थित बनाने के लिए बड़ा बदलाव कर दिया है। सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में 'जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2026' को आधिकारिक मंजूरी दे दी गई।

यह नई नियमावली 'जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969' के प्रावधानों के अंतर्गत लागू की जा रही है। नए नियमों के तहत डिजिटल माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था को आसान बनाने के साथ–साथ, समय सीमा के बाद पंजीकरण कराने पर लगने वाले विलंब शुल्क (लेट फीस) और सक्षम अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र का पूरा स्लैब निर्धारित कर दिया गया है। नई नियमावली के अनुसार, यदि किसी बच्चे के जन्म या किसी व्यक्ति की मृत्यु की घटना घटित होने के 21 दिन के भीतर इसकी सूचना रजिस्ट्रार को दी जाती है, तो प्रमाण पत्र पूरी तरह से निःशुल्क (फ्री) जारी किया जाएगा। इसके अलावा, अब आवेदक को रजिस्ट्रार से इलेक्ट्रॉनिक रूप (डिजिटल माध्यम) से या अन्य निर्धारित रूपों में जन्म अथवा मृत्यु का प्रमाण पत्र सीधे प्राप्त करने की आधुनिक सुविधा मिलेगी। घटना की सूचना अधिसूचक द्वारा घटना होने के 30 दिनों के भीतर रजिस्ट्रार को दी जानी आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति निर्धारित 21 दिनों की समय सीमा के भीतर जन्म या मृत्यु का पंजीकरण नहीं करा पाता है, तो उसे अवधि के अनुसार निम्नलिखित विलंब शुल्क और प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। 21 दिन के बाद लेकिन 30 दिन के भीतरः पंजीकरण सीधे रजिस्ट्रार द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए 20 का विलंब शुल्क देना होगा। 30 दिन के बाद लेकिन 1 वर्ष के भीतरः इसके लिए जिला रजिस्ट्रार अथवा अपर जिला रजिस्ट्रार (नगरीय/ग्रामीण) के आदेश की आवश्यकता होगी और रजिस्ट्रार द्वारा 50 विलंब शुल्क लेकर इसे दर्ज किया जाएगा। 1 वर्ष की अवधि बीत जाने के बादः एक साल के बाद पंजीकरण कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत होगी। इसके लिए 100 विलंब शुल्क निर्धारित किया गया है। बिना नाम के पंजीकरण पर नियमः यदि किसी बालक का जन्म बिना नाम के पंजीकृत किया गया है, तो माता–पिता या अभिभावक को जन्म के दिनांक से 12 महीने के भीतर रजिस्ट्रार को नाम की लिखित या मौखिक सूचना देनी होगी। यदि यह सूचना 12 महीने के बाद लेकिन 15 वर्ष की अवधि के भीतर दी जाती है, तो निर्धारित विलंब शुल्क के साथ नाम दर्ज किया जा सकेगा। नई नियमावली में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जन्म रजिस्टर, मृत्यु रजिस्टर और मृत–जन्म रजिस्टर स्थायी महत्व के कानूनी और सामाजिक अभिलेख होंगे। इन्हें कभी भी नष्ट नहीं किया जाएगा और इन्हें सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को नियमों के क्रियान्वयन या किसी स्तर पर कठिनाई आती है, तो वह नियमावली के प्रावधानों के तहत उच्च स्तर पर शिकायत संबंधी अपील भी दर्ज करा सकता है।

## वीडी सतीशन केरलम सीएम बने



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम जॉन, बिंदु कृष्णा, टी सिद्दीकी, केए थुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं। कांग्रेस ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद भी अपने पास रखे हैं। तिरुवनचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनिमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। केरलम विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण के बाद 22 मई को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्यपाल का नीतिगत संबोधन 29 मई को निर्धारित है, और राज्य का बजट 5 जून तक पेश किए जाने की संभावना है।

# सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण और नकदी सहित 2 लाख उड़ाए



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सूने घर का ताला तोड़कर चोर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण व 15 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।घर से हुई लगभग दो लाख की चोरी की घटना के बाद चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच निरीक्षण किया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया रावतान निवासी अधिवक्ता सुधाकर सिंह सेंगर के पैतृक गांव मड़ोरा में कृषि कार्य चल रहा था। परिवार के सदस्य पैतृक गांव गए थे। कोंच रोड पर मोहल्ला रावतान में उनके दो घर हैं। रात करीब 11 बजे वह अपने दूसरे घर में आराम करने के लिए चले गए और जिस घर में परिवार के सदस्य रहते थे उसमें उन्होंने ताला डाल दिया। सोमवार की सुबह जागकर जब वह अपने घर पहुंचे तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। वह जब घर के अंदर पहुंचे तो घर के मुख्य दरवाजे व अन्दर के कमरों के ताले टूटे मिले।अलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, मंगलसूत्र व 15 हजार रुपये नकद गायब थे। सुनसान घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों द्वारा की गई चोरी की सूचना उन्होंने पुलिस को दी। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

# प्रधानो ने की समय से पंचायत चुनाव कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** ग्राम पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति होने की आशंकाओं को देखते हुए प्रधानों में इसकी छटपटाहट देखी जाने लगी है। ग्राम प्रधानों ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एडीओ को सौपा।

नदीगांव विकास खंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीओ शीलनिधि शुक्ला को देकर कहा कि प्रदेश में यदि पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर नहीं हो पाते हैं तो वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए जिससे पंचायतों के अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रह सके। प्रधानों ने कहा कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने पर पंचायतों में अनेक समस्याएं उत्पन्न हुईं थी। इस व्यवस्था से पंचायतों की स्वायत्तता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है। इस दौरान सिवनी बुजुर्ग प्रधान शिवराज सिंह कुशवाह, प्रधान रूक्मणी कुशवाहा, साधना, उमा, राजीव, शशि देवी, बृजलाल, श्यामू कुशवाहा, मुलायम सिंह, देवीदीन, श्याम सुंदर, विनोद कुमार, आनंद कुमार, लालता प्रसाद, रवि कुमार, विश्वनाथ, दीपक रजक, प्रदीप कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# बकरीद को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



जालौन-उरई। ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बागवान समाज सेवा समिति ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सौंपकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने की मांग की है।

बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन के नेतृत्व में मोहम्मद शौकीन, मोहम्मद अकरम, वसीम हक, जाकिर सिद्दीकी, सद्दाम और गुड्डू अंसारी आदि ने जिलाधिकारी राजेश पांडेय को संबोधित ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को सौंपकर बताया कि बकरीद के पर्व पर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाए ताकि भ्रामक अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस व पीएसी बल तैनात किया जाए। नगर में स्थित ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास स्थलों का मुआयना कराया जाए और जहां अतिक्रमण आदि हो उसे हटवाकर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धार्मिक क्षेत्रों के आसपास आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। बताया कि बकरीद का पर्व तीन दिनों का होता है। इन तीन दिनों के लिए निर्बाध बिजली एवं पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को विशेष निर्देश दिए जाएं।

# भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा द्वारा 23वें वाटर कूलर की हुई स्थापना

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गर्मी के मौसम में शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर की स्थापना कराई जा रही है। इसी क्रम में 23वें वाटर कूलर की स्थापना ग्राम जगनेवा स्थित चौधरी रघुवीर सिंह जूनियर हाईस्कूल में परिषद की प्रेरणा से जितेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा कराई गई।

जनहितकारी सेवा कार्य का लोकार्पण गांव के ही ग्रामीण द्वारा कराया गया। रवींद्र पाल सिंह ने वाटर कूलर का लोकार्पण कर कहा कि भीषण गर्मी में विद्यालयों में पढ़ने वाले शीतल जल के लिए परेशान होते हैं। भारत विकास परिषद की प्रेरणा से लगवाया गया यह वाटर कूलर बच्चों को शीतल व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएगा। यह पुनीत कार्य सेवा, संवेदना एवं सामाजिक समर्पण का उदाहरण है। विद्यालय में वाटर कूलर की स्थापना होने से बच्चे भी खुश नजर आए। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष सुशील बाजपेयी, राजीव माहेश्वरी, डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, ब्रजेंद्र कुमार दुबे, अशोक कुमार गुप्ता, देवीशरण सिंटू महाराज, अंजनी कुमार दुबे, युव बजाज आदि रहे।

# सहायक उपकरण एवं क्रत्रिम अंगो के वितरण हेतु किया गया दिव्यांगो का चयन

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों के वितरण हेतु दिव्यांगों का चयन कर उन्हें विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।खंड विकास कार्यालय में सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शिविर लगाया गया। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह एवं शैलेश कुमार गुप्ता की मौजूदगी में चिकित्सक डॉ दीपक आर्या, डॉ मनोज राजपूत, राकेश कुमार ने मौजूद दिव्यांगों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण के लिए चिन्हित किया। प्रवीण कुमार ने बताया कि चिन्हित किए गए 42 दिव्यांगों को आगामी दिनों में ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट कैन, वैशाखी, छड़ी, बनावटी हांथ पैर, कैलीपर्स का वितरण किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगों को विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग पेंशन, कुष्ठवस्था पेंशन, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण ऋण योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।

# बच्चों में बचपन से ही संस्कार व आध्यात्म के साथ राष्ट्र भक्ति का भरे भाव -भगवताचार्य

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** मोहल्ला हरीपुरा स्थित घाटे वाले हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भगवताचार्य पंडित दिलीप दीक्षित ने बच्चों में बचपन से ही संस्कार डालने व आध्यात्म के साथ उनमें राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देने की आवश्यकता बताई।

कथा व्यास पंडित दिलीप दीक्षित ने दूसरे दिन की कथा में सृष्टि की उत्पत्ति, ब्रह्मा-विष्णु संवाद, नारदजी के पूर्व जन्म की कथा और ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। बताया कि पांच वर्ष के बालक ध्रुव ने कठोर तप कर भगवान नारायण का साक्षात्कार प्राप्त किया। कहा कि दृढ़ निश्चय, आस्था और तप से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है, जैसा कि ध्रुव ने किया। उन्होंने श्रोताओं को श्रद्धा और भक्ति की शक्ति का बोध कराया। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से व्यक्ति के पाप नष्ट होते हैं, जन्म-जन्मांतर के बंधनों से मुक्ति मिलती है और जीवन में शांति, संतोष व आध्यात्मिक उत्थान होता है। यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, अपितु आत्मशुद्धि और भगवान के निकट जाने का माध्यम है। इस मौके पर पारीक्षत गजेंद्र कुमार, संतोष सैनी, निशा, मंगल सैनी, अनुराधा शर्मा, रवि चौधरी, भावना, सुनील, मनीष, अनीता, वंदना, सौरभ आदि रहे।

# विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुआं निवासी गम्मू विभिन्न मामलों को लेकर न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। कोतवाली में तैनात एसएसआई संजय यति को सूचना मिली कि उपरोक्त वांछित अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस वांछित को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां से उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों का कर दिया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी रोहित सेंगर व हरविलास सिंह के बीच घर के सामने कूड़ा फेंकने को लेकर सोमवार की सुबह विवाद हो गया। बातचीत से शुरू हुआ विवाद बढ़कर गाली, गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# साप्ताहिक बाजारबंदी को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर में साप्ताहिक बाजारबंदी को प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को प्रशासन ने सख्ती दिखाई। शनिवार को व्यापारियों द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन देकर बाजारबंदी का पालन सुनिश्चित कराने की मांग किए जाने के बाद सोमवार को नगर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजारबंदी के दिन खुली मिली दुकानों को बंद कराया गया और व्यापारियों को दोबारा दुकान खोलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, एसआई अमर सिंह और शिवम सेंगर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम नगर के विभिन्न बाजारों में पहुंची। टीम ने शराब ठेका गली, पुरानी नझाई गली, झंडा चौराहा, चुर्खी रोड, कोतवाली रोड, तहसील रोड, कांजी हाउस चौराहा, टाउन क्षेत्र समेत कई प्रमुख बाजारों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानें खुली मिलीं, जिन्हें तत्काल बंद कराया गया। अभियान के दौरान चाय और नाश्ते की दुकानें भी खुली मिलीं, जिन्हें बंद कराया गया। टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानें खोलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अब नदीगांव से लापता हुई नाबालिग किशोरी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** नदीगांव थाना क्षेत्र के रूपपुरा गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मध्यप्रदेश निवासी युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस हर पहलू पर पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।

नदीगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी घर से मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। समय रहते घर न लौटने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई और उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी तलाशने के बाद पता न चलने पर परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। परिवार वालों का आरोप है कि मध्यप्रदेश निवासी एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। फिलहाल मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी शशिकांत चौहान ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बल्कि पुलिस टीम ने किशोरी और संदिग्ध युवक की भी तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक चोरी के एक दर्जन मुकदमा धारी शाहिर चोर सुनील कुशवाहा पुलिस मुठभेड़ में पैर गोली लगने के बाद दबोचा गया

## -एएसपी ईशान सोनी ने पत्रकारों को दी मुठभेड़ की जानकारी

## -जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल में कराया भर्ती



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** एसपी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम का

बाइक चोर गिरोह के शातिर बदमाश से आमना-सामना हो गया। इस दौरान दोनों ओर से हुई जवाबी फायरिंग के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। एसपी विनय कुमार के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम शहर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा खबर मिलते ही मौके पर पहुंची संयुक्त टीम का क्षेत्र के बघौरा बाईपास स्थित मरघट स्थल के पीछे बाइक चोर गिरोह के कुख्यात बदमाश से आमना सामना हो गया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षात्मक की गई फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## एक दर्जन से अधिक मुकदमे है दर्ज 8 माह से चल रहा था फरार-इशांत सोनी

**उरई।** अपर पुलिस अधीक्षक इशांत सोनी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी सुनील कुशवाह के खिलाफ बाइक चोरी सहित अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जो करीब 8 माह से फरार चल रहा था, और उसकी लंबे समय से पुलिस को तलाश थी। इतना ही नहीं बल्कि वह क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों में शामिल बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी के नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# जिले में मार्ग दुर्घटनाओं से लगातार हो रही जनहानि पर डीएम हुए सख्त

## सड़क सुरक्षा पर जनपद प्रशासन का बड़ा एक्शन प्लान, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**-स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच से लेकर मॉडिफाइड साइलेंसर, लापरवाह चालकों और सड़क किनारे खड़े वाहनों पर चलेगा अभियान**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** मुख्यमंत्री जी द्वारा समय-समय पर सड़क सुरक्षा को लेकर दिए जा रहे निर्देशों तथा राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठकों में लिए गए निर्णयों के क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक कार्रवाई शुरू की जा रही है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी बिंदुओं पर प्रभावी, नियमित एवं परिणामपरक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी तथा शासन द्वारा प्रत्येक माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद में सड़क सुरक्षा संबंधी सभी अभियानों की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा तय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित समस्त स्कूली वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा मानकों एवं परमिट की विशेष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 में चलाए गए विशेष फिटनेस सत्यापन अभियान की समीक्षा करते हुए बिना फिटनेस अथवा बिना परमिट संचालित स्कूल वाहनों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाए, ताकि बच्चों का आवागमन पूरी तरह सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे वाहन चालक जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हैं और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में की जाए। जिलाधिकारी ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर अनियमित रूप से खड़े वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण पीछे से टकराने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए जनपद में सुरक्षित होल्डिंग एरिया चिन्हित किया गया है जिसे जल्द ही निर्माण शुरू कराने के निर्देश दिए। जहां ऐसे वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित होल्डिंग एरिया का नोटिफिकेशन जारी कर वहां पुलिस पिकेट भी स्थापित किए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण के सम्बंध में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर लगे वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि आमजन की शांति एवं सुरक्षा के लिए भी खतरा बनते हैं। इसलिए इनके विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और नियमित चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे वाहनों को चिन्हित किया जाए। उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा अभियानों को जनजागरूकता से जोड़ते हुए विद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं।

# सुरेन्द्र मौखरी की स्मृति में 11वां सर्व समाज सामूहिक शादी समारोह हुआ आयोजित

**- सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन, 12 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** समाज सेवा और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से राठरोड़ स्थित विजय विक्रम रिपोर्ट उरई में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जरूरतमंद युवक-युवतियों के 12 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजाराम पाल, पूर्व सांसद पुष्पेन्द्र यमुना, संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, रामसहोदर यादव, रामकरण निर्मल प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, वीरपाल दादी, बब्लू यादव जिलाध्यक्ष कानपुर देहात दीपराज गुर्जर जिलाध्यक्ष, श्रीराम पाल, आनंद यादव, राजू अहिरवार सांसद प्रतिनिधि, शफीकुर्रहमान कश्पी, श्रीमती संध्या मौखरी, राशमि पाल, दीप शिखा श्रीवास मौजूद रही। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजिकों में रिंकू मौखरी, चंद्रशेखर मौखरी, लाला मौखरी, निर्दोष राजपूत, कल्लन पाल आदि मौजूद रहे। दम्पत्ति बंधन बंधे जोड़ों में सोनू केवट संग रेशम केवट, राहुल कुशवाहा संग काजल



कुशवाहा

विजय नामदेव संग पूजा देवी, कुंवरलाल पाल संग कल्पना देवी, ब्रिजेश कठेरिया संग संगीता, वीरू श्रीवास संग मुस्कान, अजय कुमार संग कांति अहिरवार, वीरेंद्र रायकवार संग नीलम, रविशंकर कठेरिया संग शिला, शैलेन्द्र सिंह संग कांति, काजू कठेरिया संग पूनम अंकित केवटसंग मंजू शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, इस सामूहिक विवाह समारोह में सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान, वस्त्र, आभूषण तथा अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए गये। कार्यक्रम में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम आयोजन समिति के रिंकू मौखरी ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह जैसी बड़ी जिम्मेदारी से राहत प्रदान करना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर प्रमुख रूप इस दौरान अरविंद लल्ला, भगवत सिंह,वीरू यादव,प्रवीण यादव सनी,विक्की गायर,गुड्डू जयपुरा उदयप्रताप मौखरी, शैलेन्द्र सभासद,फरहत उल्ला,अनुज दाऊ,पवन पटेल ओम यादव,राम यादव, अंश, सूर्यांश यादव रुद्र,जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण किया और व्यवस्था में मौजूद रहे। अंत में अनूप सिंह रिंक्कू मौखरी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन राहूल पिरौना ने किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने डीजल, पेट्रोल व गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद सेंगर एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पिपरिया ने समर्थकों के कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीजल, पेट्रोल व सीएनजी गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद सेंगर व शहर अध्यक्ष राजकुमार पिपरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि डीजल, पेट्रोल व सीएनजी गैस की कीमतों के दाम बढ़ने से आम जनता, ऑटो चालकों और छोटे व्यवसायियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से सीएनजी गैस की कीमतों में तत्काल कमी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महंगाई पहले से ही लोगों की कमर तोड़ रही है और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कीमतों में कमी नहीं की गई, तो पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव वीरपाल सिंह राजपूत जौराखेरा, रेहान सिद्दीकी, राजकुमार पिपरिया शहर अध्यक्ष कांग्रेस, सीताराम शर्मा, कमल दोहरे, राजू प्रजापति ऊमरी, प्रहलाद यादव दाऊ शहर उपाध्यक्ष , नगर अध्यक्ष असगरी बेगम, शकुंतला पटेल महिला अध्यक्ष, अनुज मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ नरेन्द्र प्रजापति भागे प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, जमुना दास अहिरवार शहर उपाध्यक्ष सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में घुसकर दबंगों द्वारा युवती के साथ मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल

**-पीड़ित युवती दर्जनों ग्रामीणों के साथ पहुंची कलेक्ट्रेट, डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**-युवती का अपमान करने वाले दबंगो को दिल देंगे छटी का दूध याद-डीएम**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम उकासा निवासी पीड़िता ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर धमकाने, मारपीट करने और अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़िता ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि 15 मई की रात कुछ लोग हथियारों के साथ उसके घर के पास पहुंचे, जबकि अगले दिन रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्रता की गई। घटना के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थाना प्रभारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सोनू बाबा, सुदेश कुमार, रामू कुमार, अमन कोरी, जयंती, हरीराम, रेशमा, नित्या, शिवनारायण, रामवती, विनीता, सुमन, नरेश आदि मौजूद रहे।

# आत्महत्या प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, साक्ष्य एवं तथ्य प्रस्तुत करने के लिए आमजन से अपील

**एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा- निष्पक्ष जांच के लिए 23 मई तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं साक्ष्य व बयान**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना कदौरा क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर निवासी, लोकेन्द्र अहिरवार की आत्महत्या से जुड़े प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच के लिए उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि मामले से संबंधित प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है, ताकि वास्तविक तथ्यों को सामने लाया जा सके और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई साक्ष्य, दस्तावेज, जानकारी अथवा बयान उपलब्ध हो, तो वह आगामी 23 मई 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच कार्यालय उप जिलाधिकारी उरई पहुंचकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करते हुए सत्य तथ्यों को सामने लाने में प्रशासन का सहयोग करें, जिससे जांच निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण की जा सके। प्रशासन द्वारा प्रत्येक प्रस्तुत साक्ष्य एवं बयान का गंभीरता से परीक्षण किया जाएगा।

# ऐट टोल प्लाजा पर चला ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान, नशे में वाहन दौड़ाने वालों पर कसा शिकंजा

**नशा, नींद और तेज रफ्तार को बताया सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजह, 370 वाहनों पर कार्रवाई से मचा हड़कंप**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** एडीजी यातायात उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में लगातार दूसरे दिन सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस द्वारा ऐट टोल प्लाजा पर देर रात तक सघन चेकिंग अभियान चलाकर शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई, जिसमें 14 चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए गए। सभी के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। इसके साथ ही 13 वाहनों पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए जाने तथा 14 वाहनों पर बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट पाए जाने पर भी कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में कुल 370 वाहनों का चालान किया गया, जिनसे 5,65,500 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 195 लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए 2,54,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। लगातार हो रही सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे 'नशा, नींद और तेज रफ्तार' सबसे बड़े कारण हैं। थोड़ी सी लापरवाही कई परिवारों की खुशियां छीन सकती है। वाहन चलाते समय पूर्ण सतर्कता, पर्याप्त नींद, निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। यातायात प्रभारी वीर बहादुर ने आमजन से अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें तथा सुरक्षित यात्रा को अपनी प्राथमिकता बनाएं। सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनी आमजन की पीड़ा, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

**समस्या का समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता, फरियादियों से सीधे संवाद कर अधिकारियों को लगाई जिम्मेदारी**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर निकाय, विकास, समाज कल्याण, पेयजल, सड़क एवं भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा।जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को त्वरित न्याय एवं राहत मिले और प्रशासन उसी भावना के साथ कार्य कर रहा है।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों में मौके पर जाकर जांच करने तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भारत की एकमात्र विश्वव्यापी विलक्षण मुद्रा प्रदर्शनी का हुआ भव्य शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** अन्तराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर इन्टैक उरई अध्याय, कानपुर बुन्देल खण्ड प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती, भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा उरई के संयुक्त तत्वावधान में चूड़ी वाली गली स्थित श्रीमती संध्या पुरवार के निज निवास पर विश्व के तमाम देशों द्वारा जारी की गई अपने भारत देश की एकमात्र विश्व व्यापी विलक्षण मुद्राओं की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद जालौन के लोकप्रिय मुख्य विकास अधिकारी श्री के0 के0 सिंह जी पीसीएस ने शंख ध्वनि के मध्य मॉ शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । प्रदर्शनी के अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्री सिंह जी ने कहा कि उरई जैसे स्थान पर देसी विदेश की विलक्षण मुद्राएं वास्तव में हतप्रभ करने वाली हैं। इन मुद्राओं को देखकर विश्वास ही नहीं होता कि इस प्रकार के सिक्के भी हो सकते हैं ।इस विलक्षण मुद्रा की प्रदर्शनी के संयोजक डॉ0 हरी मोहन पुरवार ने बतलाया कि इस प्रदर्शनी में कांगो, न्यू आइलैंड, पलाऊ, इजिप्ट,सोमालिया, श्रीलंका ,टूआलू, भारत, चीन, कनाडा इत्यादि देशों की भिन्न-भिन्न आकार प्रकार की रंगीन ,सादा मुद्राएं प्रदर्शित की गई हैं जिनमें भवनो के आकार की, ज्यामितीय आकार की ,पशुओं पक्षियों के आकार की, रंगीन नोटों के आकार की, देशों के मानचित्रों के आकार की, धार्मिक मूर्तियों के आकार की, गुड़ियों के आकार की,अलग-अलग भार के सिक्कों को प्रदर्शित किया गया है। इनके अलावा इस प्रदर्शनी में द्विआयामी , त्रिआयामी सिक्के भी प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी में कागज ,लोहे,चांदी ,प्लास्टिक ,धातु के साथ-साथ सोमालिया देश के विभिन्न ज्यामितीय आकर के सिक्के ,ताम्र का कैप्टन क्रुअल कुक के खेल का सिक्का , दुनिया का एकमात्र रनिंग अश्व का सिक्का प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस प्रदर्शनी में त्रिभुजाकार ,वर्गाकार, आयताकार ,5 से लेकर 12 पहल वाले सिक्के भी प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में रत्न जडित सिक्के, हेलमेट सिक्का ,अंकों के आकार के सिक्के ,पुष्पों के आकार के सिक्के, पिरामिड आकार का सिक्का, पेरिस का नॉट ए ड्रमस कैथेड्रल का 1 किलो का पन्द्रह टुकडों वाला सिक्का ,बैसला ऑफ सेंट मैरी का सिक्का, विभिन्न कपालों( मानव खोपडियों ) के सिक्के, थर्मामीटर सिक्का, गुब्बारा सिक्का, पंखा, कुतुबनुमा आदि के सिक्के भी इस प्रदर्शनी का अमूल्य अंग रहे। भारत के डमरु आकार, जल बूंद आकार तथा ईसा से पूर्व के विभिन्न पंच मार्क सिक्के भी यहां पर रखे गए। श्रीमती उषा सिंह निरंजन ने बतलाया कि इन विलक्षण मुद्राओं के कारण डॉक्टर हरीमोहन पुरवार चाचा जी का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में वर्ष 2020-22 में अंकित हुआ था ।उन्होंने लिम्का बुक के 230 विलक्षण मुद्राओं के रिकॉर्ड को 732 विलक्षण मुद्राओं का संग्रह करके तोड़ा था जो आज भी कायम है ।अभी तक उनके इस रिकार्ड को तोड़ा नहीं जा सका है जिसके कारण वे पूरे भारत के एकमात्र विश्व व्यापी विलक्षण मुद्राओं के सबसे बडे एकल संग्राहक बन गये हैं। इस विलक्षण मुद्रा प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी मुद्राएं श्रीमती संध्या पुरवार डॉ0 हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रदर्शित किये गए । डा0 हरीमोहन पुरवार ने मुख्य अतिथि श्री के के सिंह जी को शाल उढ़ाकर उनका स्वागत किया तथा श्रीमती संध्या पुरवार, मन्जू रावत,अनीता गुप्ता ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया । प्रदर्शनी आयोजना में कुमारी काजल राजपूत, प्रदीप पाटकार का विशेष योगदान रहा । प्रदर्शनी में अवलोकनार्थ पधारे किशोरी शरण शांडिल्य ,नवनीत श्रीवास्तव ,डॉ विजय गुप्ता, महिपाल सिंह, शिव शंकर रावत, रेखा रावत, प्रियंका अग्रवाल, अनीता गुप्ता, मंजू रावत ,अंकिता त्रिपाठी रिसर्च अधिकारी आदि का भारत विकास परिषद के प्रांतीय संस्कार प्रमुख डॉ0 उमाकांत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# सूरज की किरणों से समृद्धि की नई इबारतः जालौन बना सौर ऊर्जा का उभरता हब

## उत्तर प्रदेश सरकार की सौर नीति से आया निवेश का सैलाब, हरित विकास की दिशा में जनपद की ऐतिहासिक छलांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** बुंदेलखंड की धरती, जो कभी जल संकट और सीमित संसाधनों के कारण विकास की चुनौतियों से जूझती रही, आज उसी धरती पर एक नई ऊर्जा क्रांति आकार ले रही है। जालौन जनपद अब केवल कृषि आधारित पहचान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सौर ऊर्जा उत्पादन का एक मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। यह परिवर्तन उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022, तथा जिला प्रशासन के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में सौर ऊर्जा क्षेत्र में जो कार्य हुआ है, वह न केवल निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के नए आयाम भी स्थापित कर रहा है। पिछले पांच वर्षों में जालौन जनपद में 300 मेगावाट से अधिक क्षमता की सोलर पार्क परियोजनाएं स्थापित की गई हैं। इन परियोजनाओं में निवेशकों द्वारा लगभग 1500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिसने जनपद की आर्थिक संरचना को नई मजबूती प्रदान की। यह केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि यह विश्वास का प्रतीक है—विश्वास उस नीति पर, जो निवेशकों को सुरक्षा, सुविधा और स्थायित्व प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश सरकार की सौर ऊर्जा नीति-2022 के अंतर्गत जनपद में 215 मेगावाट की सौर परियोजनाओं को विशेष प्रोत्साहन दिया गया। इसमें 10 मेगावाट से अधिक क्षमता वाली तीन प्रमुख परियोजनाओं को ट्रांसमिशन लाइन और सड़क जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे परियोजनाओं का संचालन सुगम और प्रभावी बन सका। यह पहल स्पष्ट करती है कि सरकार केवल योजनाएं बनाकर ही नहीं, बल्कि उनके सफल क्रियान्वयन के लिए हर आवश्यक संसाधन भी सुनिश्चित करती है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए जालौन में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को भी प्राथमिकता दी गई। इस परियोजना के अंतर्गत नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना और सौर ऊर्जा के सुचारु संचरण के लिए मजबूत आधारभूत संरचना तैयार की जा रही है।जिलाधिकारी के निर्देशन में एक अभिनव पहल करते हुए सरकारी और निजी कृषकों के सहयोग से लगभग 23,000 एकड़ भूमि का भूमि बैंक तैयार किया गया। इसमें अनुपयोगी और बंजर भूमि को चिह्नित कर उसे सौर परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाने की योजना बनाई गई। यह कदम न केवल भूमि के बेहतर उपयोग का उदाहरण है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने की दिशा में भी एक बड़ा प्रयास है। इस भूमि बैंक के माध्यम से लगभग 4000 मेगावाट सौर विद्युत उत्पादन की संभावनाएं विकसित की जा रही हैं, जो आने वाले समय में जालौन को देश के प्रमुख सौर ऊर्जा केंद्रों में शामिल कर सकती हैं। जनपद में ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं को देखते हुए बड़े सार्वजनिक उपक्रमों ने भी रुचि दिखाई है। शासन स्तर से बीएसयूएल, सीओएएल इंडिया और एनएलसी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों को 2350 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिनका कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। इन कंपनियों की भागीदारी न केवल निवेश को बढ़ाएगी, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और दीर्घकालिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह जालौन के लिए एक बड़ा अवसर है, जहां स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए वैश्विक स्तर की परियोजनाएं स्थापित हो रही हैं। सौर ऊर्जा परियोजनाओं का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह स्वच्छ और हरित ऊर्जा का स्रोत है। जालौन में स्थापित और प्रस्तावित सौर परियोजनाओं से लगभग 15 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन होने का अनुमान है, जिससे प्रति वर्ष लगभग 55 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाई जा सकेगी। यह पहल न केवल जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में सहायक है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की उस प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है, जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ-साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। बुंदेलखंड जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करेगी। सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार से जालौन में केवल ऊर्जा उत्पादन ही नहीं बढ़ रहा, बल्कि इसके साथ-साथ रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। अनुमान है कि इन परियोजनाओं के माध्यम से जनपद में लगभग 16,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर छोटे-बड़े व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। निर्माण कार्यों के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है, वहीं परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव में भी स्थायी रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इसके अलावा परिवहन, खान-पान, निर्माण सामग्री और अन्य सहायक सेवाओं से जुड़े व्यवसाय भी तेजी से विकसित हो रहे हैं। यह परिवर्तन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे पलायन की समस्या में भी कमी आएगी। जालौन में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वे उत्तर प्रदेश सरकार के उस व्यापक विजन का हिस्सा हैं, जिसमें राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना लक्ष्य है। सरकार की नीतियों ने निवेशकों को भरोसा दिया, प्रशासन ने उन्हें जमीन पर उतारा और स्थानीय समुदाय ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई—इसी समन्वय का परिणाम है कि जालौन आज ऊर्जा क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है।आज जालौन की पहचान केवल एक पारंपरिक जनपद के रूप में नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा और सतत विकास के मॉडल के रूप में स्थापित हो रही है। जहां कभी बंजर भूमि बेकार पड़ी रहती थी, आज वहीं से ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, रोजगार पैदा हो रहा है और समृद्धि की नई कहानी लिखी जा रही है।यह सफलता की कहानी बताती है कि जब नीतियां दूरदर्शी हों, प्रशासन सक्रिय हो और समाज सहयोगी हो, तो किसी भी क्षेत्र का कायाकल्प संभव है।

# घुसिया में तालाब से हो रहे अवैध खनन की शिकायत एसडीएम से की

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम घुसिया में सरकारी तालाब से कथित रूप से अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। गांव के निवासी प्रदुम्न पटैरया ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान पर सार्वजनिक तालाब की मिट्टी जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों के माध्यम से निकलवाकर बेचने का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता के अनुसार, गांव में स्थित सार्वजनिक एवं सरकारी तालाब से लगातार मिट्टी का खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति पहुंच रही है।ग्रामीणो का आरोप है कि खनन कार्य में भारी मशीनों जेसीबी आदि का उपयोग किया जा रहा है और निकाली गई मिट्टी का व्यावसायिक रूप से विक्रय किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने इस कार्य का विरोध किया तो संबंधित लोगों द्वारा प्रभाव और पहुंच का हवाला देते हुए कार्रवाई न होने की बात कही गई। इससे गांव में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तालाब को बचाने और अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।प्रदुम्न पटैरया ने उपजिलाधिकारी से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन की ओर से फिलहाल मामले की जांच की बात कही जा रही है।वही इस संबंध में घुसिया ग्राम प्रधान गोमती देवी के प्रतिनिधि विष्णुकांत ने बताया कि तालाब की सफाई के लिए मिट्टी हटाई जा रही है। मिट्टी खनन का कोई मामला नहीं है।ग्रामीणो द्वारा की गयी शिकायत मिथ्या एवं मनगढंत है।

# ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से खरपतवार में लगी आग

## मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कडी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

( यंग भारत न्यूज )



कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा खुर्द में सोमवार दोपहर खेत के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने अचानक भीषण आग का रूप ले लिया। आग ट्रांसफार्मर के आसपास पड़े सूखे कचरे में लगी और देखते ही देखते तेज लपटों के साथ फैलने लगीं। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।ग्रामीणो के अनुसार खेत के किनारे काफी मात्रा में सूखा कचरा और घास-फूस पड़ा हुआ था। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी कचरे पर गिरते ही आग भड़क उठी। तेज हवा और सूखे कचरे के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची उठने लगीं कि ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत केबल भी इसकी चपेट में आ गईं और जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। केबल जलने से गांव के आधे से अधिक हिस्से की बिजली आपूर्ति अचानक बाधित हो गई।इस भीषण गर्मी में बिजली कटने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।लोग पीने के पानी को भी तरस गए।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग पर जल्द नियंत्रण न हो पाता तो आसपास के खेतों और मकानों तक आग पहुंच सकती थी, जिससे भारी नुकसान होने की आशंका थी। फायर स्टेशन प्रभारी लाखन सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण पास में पड़े कचरे में आग लगी थी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। वहीं बिजली विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है और क्षतिग्रस्त केबलों को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।जिससे ग्रामीणो को सुचारु रूप से विधुत आपूर्ति मिल सके।

# सिरसा कलार क्षेत्र में पेड़ के नीचे मिला अधेड़ का शव

## -नगरी ग्राम 58 वर्षीय राधेलाल है मृतक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र के नगरी गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब खेत के पास एक पेड़ के नीचे मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार नगरी गांव निवासी 58 वर्षीय राधेलाल रोज की तरह मजदूरी करने के लिए गांव के ही भानु नामक व्यक्ति के साथ खेत पर गए थे। दोनों खेत में काम करने के साथ आम तोड़ने का कार्य कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद राधेलाल खेत के पास एक पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में पड़े दिखाई दिए। जब तक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो राधेलाल का शव देखकर फफक पड़े। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम नजर आई। ग्रामीणों ने बताया कि राधेलाल बेहद सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। गांव में उनकी अच्छी छवि थी, जिसके चलते उनकी अचानक मौत से हर कोई स्तब्ध है। सूचना मिलने पर सिरसाकलार थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि मौत के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

# सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा मे कोंच ने फहराया परचम

## कानपुर प्रान्त मे छात्र अनघ मिश्रा ने हासिल किया 17 वां स्थान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भारतीय शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा 2025-26 मे सरस्वती शिशु मंदिर कक्षा पंचम के छात्र अनघ मिश्रा ने 17 वां स्थान प्राप्त किया साथ ही सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज मंडी की कक्षा अष्टम की छात्रा अनन्या, अनुष्का ने भी यह परीक्षा उत्तीर्ण की।भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रान्त से परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष आरवी मिश्रा ने मेधावी छात्र -छात्राओ को शील्ड प्रदान की, विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओ को शुभाशीष एवं बधाई दीं।शिशु मंदिर प्रभारी नरेंद्र सिंह ने छात्र छात्राओ को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही विद्यालय के पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी,तान्या व्यास, प्रतीक्षा रेजा,आकांक्षा सिंह, जीतेन्द्र सिंह,मनीष अग्रवाल, गौत्तम पटेल,वंदना अवस्थी, रवि कुमार,विनीत खरे, मृदुल दुबे,सतीश पाण्डेय, कृष्णकुमार, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द,अंजना,आकांक्षा दीक्षित, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, दीक्षा, आदित्य कुमार,शुभम अग्रवाल आदि ने प्रतिभाशाली छात्र छात्राओ की भूरी भूरी प्रशंसा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तालाब में डूबने से इंटर के छात्र की मौत, गांव में पसरा मातम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र स्थित टिगिरिया बादशाह तालाब में नहाते समय एक इंटरमीडिएट छात्र की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रविवार शाम छात्र का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरपतिपुरा निवासी जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डन सिंह परिवार सहित इंदौर में रहकर सब्जी का कारोबार करते हैं। उनका पुत्र कृष्णा सिंह इंटरमीडिएट का छात्र था। बताया गया है कि रविवार को कृष्णा अपने दोस्तों के साथ बाढ़ गंगा स्थित टिगिरिया बादशाह तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। कृष्णा को डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तालाब में पानी अधिक गहरा होने के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल छात्र की तलाश शुरू कराई और बाद में एनडीआरएफ टीम व गोताखोरों को भी बुलाया गया। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद रविवार देर शाम कृष्णा का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम जैसे ही छात्र का शव गांव सुरपतिपुरा पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। पिता जितेंद्र सिंह, मां सरला देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के बाद ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश और दुख देखने को मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब के आसपास सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने, गहरे पानी वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने तथा निगरानी व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

# परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 05 परिवारों के समझौते कराकर बिखरने से बचाया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिंग की गयी, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर पारिवारिक दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी ।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देर रात कैलिया रोड पर ग्राम घमुरी के पास हुई, जहां अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्रम सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी मालवीय नगर कोंच अपनी ससुराल ग्राम खूजा समथर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम घमुरी के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया गया। बताया जा रहा है कि घायल युवक के शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की खोज की जा रही है।

# धूमधाम के साथ निकाली गयी 51 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ की कलश यात्रा

## समीपस्थ ग्राम जुझारपुरा में हुआ महायत्र का शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल उस समय देखने को मिला जब समीपस्थ ग्राम जुझारपुरा में आयोजित होने जा रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ, 51 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ एवं रामलीला के शुभारंभ को लेकर रविवार देर शाम भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नगर के रामकुंड मंदिर से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर महायज्ञ स्थल ग्राम जुझारपुरा पहुंची जहां.कलश यात्रा का विश्राम हुआ ।कलश यात्रा रामकुंड मंदिर से प्रारम्भ होकर मार्कण्डेश्वर तिराहा, रेलवे फाटक, सागर चौकी, चंदकुआ और बड़ी माता मंदिर होते हुए ग्राम जुझारपुरा पहुंची ।यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने आम्रपत्र से सजे कलश सिर पर धारण कर भाग लिया, वहीं श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ चलते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

आयोजकों ने बताया कि 51 कुंडीय सतचंडी महायज्ञ 17 मई से प्रारम्भ होकर 25 मई 2026 तक चलेगा। अंतिम दिन पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। महायज्ञ के दौरान श्रीमद्भागवत कथा एवं रामलीला का भी आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में परीक्षित की भूमिका विनोद कुमार बाबू जी अपनी पत्नी शील कुमारी के साथ निभाएंगे। कलश यात्रा के दौरान चंदकुआ पर श्रद्धालुओं के लिए शर्बत वितरण की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य में चंद्रप्रकाश झा, टिंकू झा, अमित मोदी, अमित तिवारी और रामकुमार विश्वकर्मा सहित कई लोग सक्रिय रूप से व्यवस्था में लगे रहे ।कार्यक्रम में हल्के पटेल, महंत उमेश दास, महेश, दशरथ पटेल, धीरेंद्र पटेल, मनु,देव,गोपालदास,अमन पटेल, राजेंद्र सिंह,पत्रकार अरूण पटेल,पंकज पटेल,निमीश पटेल,रामलाला पटेल,हर्ष पटेल,नरेंद्र पटेल,शैलेन्द्र पटेल,राहुल पटेल,अजय गुरावती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# प्रतीक्षालय में साफ-सफाई व बैठने की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को परेशानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे पर यात्रियों को बैठने के लिए प्रतीक्षालय बना हुआ है। प्रतीक्षालय में साफ-सफाई न होने व बैठने की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। लोगों को खड़े रहकर बस का इंतज़ार करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख देवनगर चौराहे से यात्री यात्रा करने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व प्राइवेट बसों में बैठते हैं तथा बसों का इंतज़ार करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए देवनगर चौराहे पर क्षेत्र पंचायत कार्यालय के बगल में प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था। इसमें लोगों को बैठने के लिए कुर्सीयां लगाई थी और बगल में पानी के लिए टंकी लगाई गई थी। प्रतीक्षालय के बगल में पेयजल के लिए लगाई गई टंकी दो वर्ष से गायब है, जिससे पीने के पानी की दिक्कत होने लगी थी। फिर भी लोग कुर्सियों पर बैठकर बस का इंतज़ार कर लेते थे। अब प्रतीक्षालय में लगी चार कुर्सियों में दो कुर्सी टूट चुकी है। सिर्फ दो कुर्सी शेष रह गयी है। हालांकि कुछ दूरी पर नगर पालिका द्वारा चुर्खी रोड पर वाटर कूलर लगवा दिया गया है। लेकिन प्रतीक्षालय में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी की व्यवस्था न होने और फर्श पर फैली गंदगी के कारण राहगीरों को प्रतीक्षालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यात्रियों ने प्रतीक्षालय में व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने की मांग डीएम से की है।

# घर अकेली महिला का दबोच कर दबंग ने अड़ा दिया तमंचा और जबरन किया दुष्कर्म

## दर्ज नही हुई एफआईआर, पीड़िता ने एसडीएम से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम खेरावर निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर अभद्रता, अश्लील हरकतें और दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को प्रार्थनापत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।महिला ने बताया घटना 14 मई 2026 की रात करीब 8 बजे की है उसने बताया कि वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी, जबकि उसका पति गांव में समोसे और पानीपुरी बेचने गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही निवासी पवन कुमार उर्फ आशू उसके घर पहुंचा और समोसे मांगने लगा। महिला ने बताया कि उसने समोसे खत्म होने की बात कही, लेकिन आरोपी उस पर झूठ बोलने की बात कहते हुए घर के अंदर घुस गया।पीड़िता का कहना है कि जब उसने आरोपी से घर में घुसने का विरोध किया तो वह अश्लील हरकतें और अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर उसने तमंचा निकालकर महिला के सिर पर रख दिया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, कपड़े फाड़ दिए और जबरन दुष्कर्म कर मौके से फरार हो गया।घटना के बाद पीड़िता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने एसडीएम कोंच को शिकायती पत्र देकर आरोपी पवन कुमार उर्फ आशू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं प्रशासन द्वारा मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

# सास और दामाद के बीच हुआ इश्क-रंगे हाथ पकड़े' गए तो ससुर ने ही भरवा दी महिला' की मांग.

( यंग भारत न्यूज )

प्यार की कोई उम्र नहीं होती. सच ही कहा है किसी ने इश्क में ना कोई जात-पात, ना रंग-रुप और ना ही अमीरी गरीबी देखा जाता है. ये तो बस एक फीलींग है जो किसी के लिए भी आ सकती है. आज कल इन बातों को कई लोग सच कर रहे हैं.

तब ही तो कई ऐसी लव स्टोरी सामने आ रही हैं जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान रह जा रहा है. हाल ही में एक स्टोरी अलीगढ़ से आई थी. जहां सास और होने वाले दामाद के प्यार की चर्चा खूब हुई. हर कोई ये जानना चाह रहा था कि दोनों आजकल कहां है और क्या कर रहे हैं. आपको बता दें कि दोनों ही प्रेमी जोड़े फरार हो जाते हैं. ये कोई पहला मामला नहीं. ऐसे अजीबो गरीब लव स्टोरी के किस्से अक्सर सामने आते रहते हैं. पिछले साल भी एक ऐसा मामला सामने आया है. ये स्टोरी थी बिहार की. जब सास और दामाद एक साथ पकड़े गए थे. ससुर ने ही कराई दोनों की शादी करवाई थी. बिहार के बांका से एक अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की मौत के बाद अपनी सास से शादी



कर ली. इतना ही नहीं, महिला का कन्यादान उसके पूर्व पति यानी व्यक्ति के ससुर ने किया. यह पेचीदा प्रेम कहानी हीर मोती गांव की 45 वर्षीय गीता देवी की है, जिसकी शादी दिलेश्वर दरवे से हुई थी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गीता कटोरिया थाना क्षेत्र के धोवनी गांव निवासी अपने दामाद सिकंदर यादव से प्यार करती थी. सिकंदर ने गीता देवी की बेटी से शादी की थी. जब सिकंदर की पत्नी की मौत हो गई थी. जिसके बाद वह अपनी सास से प्यार करने लगा था. लेकिन उसके ससुर को शक हो गया और उसने दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया. इसके बाद उसने पंचायत बुलाई और अपनी पत्नी और दामाद के बीच के संबंध के बारे में बताया. पंचायत और गांव वालों के सामने सिकंदर ने अपनी सास से प्यार का इजहार किया जिसके बाद दोनों की कोर्ट मैरिज हो गई. वीडियो में वह गीता देवी की मांग में सिंदूर भरता नजर आ रहा है.

# रात को लौटा पति बिस्तर पर पत्नी' का देखा ऐसा नजारा कि काट डाले गुप्तांग पूरा मोहल्ला सन्न

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर के बाबूपुरवा इलाके से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी की बेवफाई पकड़ने पर पति ने प्रेमी पर जानलेवा हमला कर दिया। पति ने प्रेमी के गुप्तांगों को दांतों से काटने की कोशिश की, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



यह दिल दहला देने वाली घटना गुरुवार रात की है। बाबूपुरवा क्षेत्र में रहने वाला एक युवक अपनी पत्नी के साथ किराए के मकान में रहता था। गुरुवार को वह यह कहकर निकला था कि उसे किसी काम से बाहर जाना है और वह शुक्रवार को लौटेगा। पति जब गुरुवार को अचानक घर वापस लौटा, तो उसने अपनी पत्नी को पड़ोसी युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में बिस्तर पर पकड़ लिया। यह नजारा देखकर उसका गुस्सा फूट पड़ा और उसने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान, जब प्रेमी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, तब पति ने उसके गुप्तांगों को दांतों से काट लिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और किसी तरह जान बचाकर बाबूपुरवा पुलिस स्टेशन पहुंचा। बुरी तरह लहूलुहान युवक को लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी अरुण द्विवेदी ने बताया कि अब तक दोनों पक्षों की ओर से कोई भी औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर ही स्न्रद्धक्र दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, लेकिन पुलिस ने समय रहते भीड़ को हटाकर स्थिति पर काबू पा लिया। यह मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ट्विशा की मौत पर बड़ा ट्विस्ट!

## ड्रग्स नहीं मिलने पर करती थी अजीब हरकत, सास ने बहू के खोले राज़

( यंग भारत न्यूज )

**भोपाल।** भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू ट्विशा शर्मा की मौत की गुत्थी सुलझने की बजाए उलझती जा रही है. मौत के 6 दिन बाद भी परिजन शव लेने से इंकार कर रहे हैं. रविवार को ट्वविशा के पिता परिवार के साथ सीएम मोहन यादव से बातचीत के लिए भी पहुंचे थे.



परिवार का आरोप है कि आरोपी सास के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. परिवार वालों ने पीएम मोदी और राज्यपाल से इंसाफ की गुहार लगाई है. उन्होंने आरोप लगाया कि पति और सास अपने रुतबे से इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं. परिवार ने दूसरे पोस्ट मॉर्टम और केस ट्रांसफर की गुहार भी लगाई है. जानकारी के मुताबिक, स्न्रद्धक्रमें ट्विशा के पति और सास पर दहेज और हत्या जैसी धाराएं लगाई गई हैं. लेकिन इस मामले में गिरिबाला सिंह को एंटीसिपेटरी बेल मिल चुकी है. परिवार ने बेल के खिलाफ हाई कोर्ट में अर्जी डाली है. इस केस में अब नया मोड़ देखने को मिल रहा है. आरोपी सास गिरीबाला सिंह ने दाखिल जमानत याचिका में कई तरह के खुलासे किए हैं. उन्होंने अपनी बहू ट्विशा शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. याचिका में दावा किया गया है कि ट्विशा को ड्रग्स की लत थी और अगर उसे समय पर ड्रग्स नहीं मिलता था, तो वह अजीब हरकत करने लगती थी. उसके हाथ कांपने लगते थे और चिड़चिड़ा व्यवहार करती थी. इसके अलावा जमानत आवेदन में यह भी दावा किया है कि ट्विशा नोएडा की रहने वाली थी, यहीं पर उसे ड्रग्स मिल जाते थे. प्रेग्नेंट होने के बाद उसके आचार-व्यवहार में काफी बदलाव आया था. इसके अलावा 30 अप्रैल को भोपाल लौटमे के बाद उन्होंने भारी मात्रा में गांजे का सेवन किया था. कथित तौर पर, ड्रग ओवरडोज के कारण एबॉर्शन भी कराना पड़ा था. ट्विशा का इलाज भोपाल के ही एक साइकैट्रिस्ट के पास चल रहा था. जमानत याचिका में यह भी जिक्र किया गया है कि ट्विशा 17 अप्रैल की सुबह फ्लाइट से दिल्ली गई थी. लेकिन वह अपने मायके 18 अप्रैल को पहुंचे. वह 12 घंटे गायब रही थीं. पूछने के बाद भी ट्विशा ने यह नहीं बताया कि वह 12 घंटे तक कहां थी. 31 साल की ट्विशा शर्मा ने 11 और 12 मई की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. उनकी शादी दिसंबर 2025 में समर्थ सिंह के साथ हुई थी.

# बेटे, बहू- बच्चों की लाशों के टुकड़े होते रहे, घर में बैठी देखती रही मां; 4 सिर कटे शवों का खौफनाक राज

( यंग भारत न्यूज )

**पटना।** कैमूर जिले में बीते दिनों 4 सिर कटी मिली लाशों का राज आखिरकार खुल गया है. सूटकेस और बोरे में मिली बिना सिर की लाशें एक ही परिवार के 4 लोगों की थीं. एक बच्चे के शव के पास मिले आंगनबाड़ी ड्रेस पर लगे सिलाई टैग की मदद से पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में कामयाब रही.



जिन 4 लोगों का शव बरामद हुआ था, उनमें माता-पिता और उनके 2 बच्चे शामिल थे. इन चारों की हत्या के घर के ही सदस्यों ने की थी. पुलिस के मुताबिक, 2 सगे भाइयों ने अपने बड़े भाई, भाभी और उनके 2 बच्चों की हत्या करने के बाद शवों का टुकड़े-टुकड़े में काट दिया. इसके बाद शवों के टुकड़े को बिना सिर के सूटकेस और बोरे में भरकर 2 अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया. पुलिस के मुताबिक, मृतक रामगढ़ थाना क्षेत्र के डहरक गांव के रहने वाले थे. शवों की पहचान कृष्ण मुरारी और उसकी पत्नी व उसके दो बच्चों के रूप में हुई. पुलिस ने बताया कि इन सभी की हत्या पारिवारिक विवाद के बाद की गई थी. जानकारी के अनुसार, बीते 5 मई को कृष्ण मुरारी ने अपनी मां की पिटाई कर दी थी. जिस पर उसकी मां ने महाराष्ट्र में अपने बेटे विकास गुप्ता को जानकारी दी. इस पर विकास अपने दोस्त दीपक कुमार राजपूत को लेकर घर पहुंचा. 7 मई को जब विकास और उसका दोस्त दीपक कमरे में बैठे थे, तभी कृष्ण मुरारी वहां आ गया. तीनों मिलकर शेयर मार्केट पर चर्चा करने लगे. इसी बीच कहासुनी होने पर विकास और दीपक ने चाकू से कृष्ण मुरारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. चीख-पुकार सुनकर जब कृष्ण मुरारी की पत्नी उसे बचाने दौड़ी, तो आरोपियों ने उसकी भी हत्या कर दी. इसी दौरान दोनों बच्चे भी वहां आ गए, तो दरिंदों ने उन्हें भी मौत के घाट उतार दिया. इसके बाद सबसे छोटे भाई राहुल उर्फ गौतम (जो मूक-बधिर है) ने टांगी (कुल्हाड़ी) से लाशों को काट-काटकर टुकड़े किए. इस हत्याकांड में सबसे बड़ी बात यह रही कि जब इन चारों की हत्या की गई और शवों को टुकड़ों में काटा गया तो उस समय मृतक की मां और उसके दोनों छोटे भाइयों की पत्नियां घर में मौजूद थीं और सब कुछ देख रही थीं. इसके बाद आरोपियों ने चारों सिर और शरीर के टुकड़ों को सूटकेस और बोरियों में भरा और स्कूटी से दो अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया. सूटकेस में भरे शवों के टुकड़ों को रामगढ़-मोहनियां बॉर्डर पर दुर्गावती नदी में फेंका, जबकि बोरे में रखे शवों के टुकड़े को नहर के पास फेका. साक्ष्य छिपाने के लिए घर में फैले खून को धो दिया और फर्श पर सीमेंट छिड़का गया. बता दें कि पहली बार 10 मई को रामगढ़-मोहनियां बॉर्डर पर दुर्गावती नदी से 2 सूटकेस मिला था, जिसमें शरीर के 18 टुकड़े थे. उसके 2 दिन बाद 12 मई को अकोढ़ी नहर के पास से एक बोरी में बिना सिर के धड़ के अन्य हिस्से बरामद हुए. कैमूर एसपी हरि मोहन शुक्ला ने बताया कि शवों के पास से मिले बच्चों के ड्रेस और मृतक की शर्ट से पहचान डरहक गांव के कृष्ण मुरारी के परिवार के रूप में हुई, जिनका घर बंद था. पुलिस ने जब घर के पास के सीसीटीवी (ष्टष्टञ्जङ्क) फुटेज और मोबाइल लोकेशन की वैज्ञानिक जांच की, तो पता चला कि घटना के दिन मृतक के छोटे भाई की आवाजाही वहां थी. पुलिस ने विकास गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने दोस्त और छोटे भाई के साथ मिलकर हत्या की बात कबूल कर ली. वह बड़े भाई के व्यवहार से तंग आ चुका था. मृतक कृष्ण मुरारी चार भाई था. सबसे बड़ा कृष्ण मुरारी (मृतक), मझला सुभाष गुप्ता, संझला विकास गुप्ता (गिरफ्तार आरोपी) और सबसे छोटा राहुल उर्फ गौतम. मझला भाई सुभाष हैदराबाद की प्राइवेट कंपनी में काम करता है, जो घटना की सूचना पाकर गांव पहुंचा है और अपने बड़े भाई, भाभी और मासूम भतीजे-भतीजी का दाह-संस्कार व श्राद्धकर्म कर रहा है.

# जब लोन देने के बदले की सेक्स की मांग कर बैठा कर्मचारी तो महिला ने बैंक मैनेजर ऐसे फसाया अपने जाल में की

( यंग भारत न्यूज )



दावणगेरे में घटी यह घटना समय के साथ भले ही पुरानी हो चुकी हो, लेकिन इसे आज भी एक ऐसी कहानी के रूप में याद किया जाता है, जिसमें एक महिला ने अपनी इज्जत और आत्मसम्मान के लिए डटकर सामना किया। उस समय एक साधारण महिला अपने छोटे से काम के लिए बैंक पहुंची थी। उसे करीब 2 लाख रुपये का लोन चाहिए था, ताकि वह अपनी जरूरतें पूरी कर सके और अपने जीवन को बेहतर बना सके। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस जगह से उसे मदद की उम्मीद थी, वहीं उसे अपमान का सामना करना पड़ेगा।

बैंक के मैनेजर देवइया ने कागज देखने के बाद उससे ऐसी मांग रख दी, जिसने महिला को भीतर तक झकझोर दिया। उसने साफ शब्दों में कहा कि लोन की मंजूरी के बदले उसे उसके साथ संबंध बनाने होंगे। यह सुनकर महिला कुछ पल के लिए चुप जरूर रही, लेकिन उसने मन ही मन ठान लिया कि वह इस अन्याय को यूं ही नहीं जाने देगी। उसने सीधे टकराव करने के बजाय एक योजना बनाई और मैनेजर को अपने घर आने के लिए कहा। जब मैनेजर तय समय पर उसके घर पहुंचा, तो उसे अंदाजा भी नहीं था कि आगे क्या होने वाला है। जैसे ही वह अंदर आया, महिला ने उसे बाहर खींच लिया और गुस्से में चप्पलों और डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। यह सब अचानक हुआ और देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई। महिला ने बिना डरे उसे सबक सिखाया और उसकी हरकत को सबके सामने उजागर कर दिया। कुछ ही देर में यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई। लोगों ने इस घटना का वीडियो भी बना लिया, जो बाद में तेजी से फैल गया। आखिरकार महिला ने खुद ही उस मैनेजर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की। यह घटना उस समय एक मिसाल बन गई, जिसने यह दिखाया कि जब कोई अन्याय करता है, तो उसके खिलाफ आवाज उठाना ही सबसे बड़ा जवाब होता है।

# प्रयागराज में 4 मंजिला होटल में भीषण आग : 12 लोग अंदर फंसे, सभी को बचाया; ट्रांसफार्मर ब्लास्ट के बाद हादसा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चार मंजिला बिट्ठल होटल में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। होटल में 12 लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने सभी को बचा लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि होटल से सटे ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट के बाद आग लग गई। इसी आग ने होटल में लगी लकड़ी को पकड़ लिया।



हवा के चलते आग तेजी से फैली। देखते ही देखते पूरे होटल में आग फैल गई और 10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। धुएं का गुबार 2 किमी दूर से दिखाई देने लगा। होटल कर्मियों की सूचना पर दमकल की 8 गाड़ियां पहुंचीं। हाइड्रोलिक मशीन मंगाई गई। एहतियात के तौर पर चार एंबुलेंस भी बुलाई गईं। दमकल कर्मी हाइड्रोलिक मशीन पर चढ़कर अंदर पानी की बौछारें मारते रहे। आग बुझाने के दौरान उत्र्कद्ध सतीश चंद्र का हाथ झुलस गया। इसके बाद मौके पर ही उनका इलाज किया गया। मामला शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस का है। होटल में 20 से 25 कमरे हैं। घटना में दो बाइके और आधे से ज्यादा होटल जलकर राख हो गया। बिट्ठल होटल के मालिक आलोक परमार शहर के मम्फोर्डगंज में रहते हैं। गाजियाबाद के अरुण शर्मा होटल के 306 नंबर कमरे में रुके थे। उन्होंने बताया- पहले ब्लास्ट की आवाज आई। आवाज सुनकर हम नीचे गए तो देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। फिर आग ने होटल को चपेट में ले लिया। इसके बाद शोर मचाकर सभी को अलर्ट किया। हम लोगों ने भागकर जान बचाई। होटल से करीब 10 फीट ऊंची आग की लपटें उठ रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विपिन गुप्ता ने बताया कि होटल के बगल में मेरी मोबाइल की दुकान है। अचानक तेज धमाका हुआ। आवाज सुनकर हम बाहर आए तो देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगी हुई थी। आग ने पूरे होटल को चपेट में ले लिया। दमकलकर्मियों ने रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला। हमारी बिल्डिंग में भी आग लग गई थी, जिसे हमारे कर्मियों ने बुझाया। डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आग करीब 1:30 बजे लगी थी। दो घंटे की मशक्कत के बाद 3:30 बजे काबू पाया गया। आग बुझाने और राहत कार्य में फायर ब्रिगेड के 36 कर्मचारी जुटे रहे। मौके पर 3 थानों की पुलिस फोर्स भी तैनात रही। रेस्क्यू और आग बुझाने के लिए 12 हजार लीटर और 5 हजार लीटर क्षमता वाले पांच फायर टेंडर लगाए गए थे। फायर टेंडरों ने चार-चार राउंड में पानी की रिफिलिंग कर आग पर काबू पाया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# क्रूरता की सभी हदें पार! युवती को 6 टुकड़ों में काटा, 5 ट्रेन में मिले; सिर गायब, धड़ बक्से में और हाथ-पैर पॉलिथीन में पैक

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है, जिसने रेलवे सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में एक युवती का सिर कटा शव छह टुकड़ों में बरामद होने से हड़कंप मच गया।



हत्यारों ने बेहद शातिराना अंदाज में शव के टुकड़ों को बक्से और बैग में पैक कर ट्रेन में छोड़ दिया, ताकि किसी को शक न हो। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। ट्रेन की स्लीपर बोगी में मिला शव जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह जब छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पहुंची, तब स्लीपर कोच एस-1 में लावारिस बक्सा और बैग पड़े होने की सूचना मिली। रेलवे कर्मचारियों और जीआरपी ने जब बक्सा खोला तो उसमें 25 से 30 वर्ष की युवती का सिर कटा धड़ मिला। वहीं पास में रखे बैग से पॉलीथीन में पैक हाथ और पैर बरामद किए गए। घटना सामने आते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई और मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। हालांकि शव का सिर अब तक बरामद नहीं हो सका है। बेहद शातिराना तरीके से की गई वारदात प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शव को किसी धारदार हथियार या इलेक्ट्रॉनिक कटर से काटा गया है। पुलिस के मुताबिक, शव पर किसी अन्य प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। हत्यारों ने शव को इस तरह पैक किया था कि खून के धब्बे बाहर न आ सकें और किसी को भनक तक न लगे। ग्रामीण परिवेश की हो सकती है युवती पुलिस के अनुसार, युवती ने रंग-बिरंगा सूट पहन रखा था। उसके पहनावे को देखकर आशंका जताई जा रही है कि वह ग्रामीण परिवेश से जुड़ी हो सकती है। हालांकि जांच एजेंसियां फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही हैं। 20 रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी खंगाले जाएंगे एसीपी रेलवे रोहित मिश्र ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। युवती की पहचान और आरोपियों तक पहुंचने के लिए ट्रेन के पूरे रूट की जांच की जा रही है। छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस करीब 20 स्टेशनों से गुजरती है और लगभग 12 घंटे में सफर पूरा करती है। ऐसे में पुलिस अब रूट के सभी प्रमुख स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बक्सा और बैग लेकर ट्रेन में कौन सवार हुआ था। यात्रियों की सूची भी खंगाल रही पुलिस जांच एजेंसियां स्लीपर कोच एस-1 में यात्रा करने वाले आरक्षित टिकट धारकों का ब्योरा जुटा रही हैं। हालांकि सामान्य टिकट वाले यात्रियों की मौजूदगी जांच को और जटिल बना सकती है। रेलवे प्रशासन में मचा हड़कंप चलती ट्रेन में इस तरह शव मिलने की घटना ने रेलवे प्रशासन को भी सकते में डाल दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से लेकर गोरखपुर मुख्यालय तक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। घटना के बाद यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस युवती की पहचान के साथ-साथ हत्या के पीछे की वजह तलाशने में जुटी हुई है।

# संगठन का विस्तार केवल सत्ता पाना नहीं है। समाज में एक नई चेतना पैदा करने के लिये : मानवेन्द्र सिंह चौहान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष







( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला द्वारा आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं संगठनात्मक गरिमा के साथ प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम उद्घाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सदस्य बिधान परिषद ने फीता काटकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पं दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन के पहले सत्र में मुख्य वक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य बिधान परिषद रहे वर्ग की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ जगदीश सिंह चौहान ने की। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि कार्य विस्तार ओर चुनाव प्रबंधन किसी भी पार्टी संगठन के लिए महत्वपूर्ण विषय है। भाजपा का कार्य विस्तार संगठन का विस्तार केवल सत्ता पाना नहीं है। समाज में एक नई चेतना पैदा करने के लिए है। हम चुनाव के नतीजे के बाद बूथ की समीक्षा करते है जहां पर हम जिस बूथ पर कमजोर होते है उनकी हम समीक्षा करते हैं। ओर कमजोर बूथ को कैसे मजबूत किया जाये इसकी बूथ पर अच्छे कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देते है।द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत रहे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कार्यकर्ता विकास एवं संगठन संभाल' विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं कार्यशैली के विषय में जानकारी दी।अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं को समय समय पर प्रशिक्षण अति आवश्यक है क्योंकि इससे कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मिलती है।प्रशिक्षण के दौरान हम सभी को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जब वक्ता बोले तो नोट जरूर करें।तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा के हमीरपुर से निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील पाठक रहे अध्यक्षता भाजपा झांसी जिला के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक गिरी ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सुनील पाठक ने भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला । चौथे सत्र में माधौगढ़ से बिधायक मूलचंद्र निरंजन ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जनता के लिए की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। बिधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि केंद्र में 2014 से एवं प्रदेश में 2017 से जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तभी से देश एवं प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है । इससे पहले की सरकारों में सिचाई, शिक्षा, पेयजल, एवं कानून ब्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी। प्रदेश मे जब से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बनी तभी से उत्तर प्रदेश में विकास को गति मिली है ।भारतीय जनता पार्टी की सोच है गरीब व्यक्ति का विकास हो आज भाजपा की सरकार में आम आदमी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा रामनरेश तिवारी, राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा, राज्यमंत्री जमुना कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे,वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय, एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गिरी, जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, छत्रपाल सिंह राजपूत, डॉ अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी, गुड्डी रानी पटेल, नेहिल सिंघई,सतेन्द्र खरे,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र तिवारी,दीपक त्रिपाठी, भारती आर्या ब्लॉक प्रमुख वंगरा ,केशव सिंह परिहार प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बामौर,रामजी परिहार, शशि श्रीवास अध्यक्ष नगरपालिका मऊरानीपुर, चन्द्रभान सिंह अहिरवार ब्लॉक प्रमुख बामौर, देवेंद्र कंसाना अध्यक्ष नगर पालिका समथर,आनंद कुमारी, रूचि खरे,सरोज दुबे , अंजली शर्मा,प्रकाश नारायण,रोहित परिहार, राघवेन्द्र सिंह बुन्देला, अड़जरिया,आदि उपस्थित रहे।

# समर कैंप के तहत बालिकाओं को दिया संगीत का प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** शासन के समर कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश की देखरेख में छात्राओं को संगीत का प्रशिक्षण दिया गया।

संगीत अध्यापक सरजू शरण पाठक द्वारा दस थाटों से उत्पन्न होने वाले रागों का वर्गीकरण एवं संगीत के रागों से दूर होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी। वहीं खुशबू जैन,अर्चना मोदी,रजनी यादव,सुरभि पटेल ,दीपा यादव ने भजनों की प्रस्तुति देकर बच्चों को भक्ति संगीत की जानकारी दी। इस मौके पर प्रवक्ता डॉ विवेक कुमार मुद्गल, राजेश चंद्र,राजेन्द्र प्रसाद,सुनील व्यास,प्रदीप कुमार स्वर्णकार, ऋतु सिंह,जितेंद्र पटेल पिपरा,वर्षा गुप्ता,अमित प्रताप भदौरिया, संजय दोन्दे रिया,राकेश व्यास,अशोक आर्या,सौरभ अग्रवाल,राम सेवक गौतम,विवेक गुप्ता,कौशलेश मिश्रा,राहुल पटेल,समता पांचाल आदि उपस्थित रहे।

# माधौगढ़ में लगे मेले में पैसा लेकर खिलाया जा रहा है जुआ, सुरक्षा में जो इंतिजाम लगा है वही करते हैं जुआड़ियों की भी सुरक्षा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़**-थड़ेश्वरी मंदिर के सामने इन दिनों लगे मेले को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। मेले में अव्यवस्थाओं, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा पैसों के माध्यम से कथित रूप से जुआ खिलाए जाने के आरोप सामने आए हैं।इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग धनराशि लगाकर खेल खेलते दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेले में प्रतिदिन शाम लगभग 7 बजे से रात 10 बजे तक कथित तौर पर ऐसा खेल संचालित किया जाता है, जिससे युवाओं में गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यह गतिविधि खुलेआम चल रही है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई कठोर कार्रवाई दिखाई नहीं दी। ग्रामीणों के अनुसार मेले में देर रात तक भारी भीड़ बनी रहती है। सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन प्रबंध, विद्युत सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी जिम्मेदारी तय करना कठिन होगा। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ लोगों का दावा है कि मेला संचालक स्वयं को प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताते हुए कार्रवाई से बेखौफ होने की बातें करता है। हालांकि इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मेले की अनुमति, सुरक्षा मानकों, विद्युत निरीक्षण, फायर एनओसी तथा कथित जुए की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल के समीप इस प्रकार की गतिविधियां क्षेत्र के सामाजिक वातावरण को प्रभावित कर रही हैं। अब देखना यह होगा कि वायरल वीडियो और लगातार उठ रही शिकायतों के बाद प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

- क्षेत्र में मेले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं
- थड़ेश्वरी मंदिर के सामने

# दो ट्रकों की हुई आमने-सामने की टक्कर में 35 वर्षीय ड्राइवर की मौत

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा ।** जनपद बांदा के पैलानी तहसील के चिल्ला थाना अंतर्गत गिट्टी से भरा ट्रक जो बांदा की ओर जा रहा था और बांदा से खाली ट्रक चिल्ला की ओर जा रहा था कि तभी चिल्ला थाना के तारा गांव के अंतर्गत बजरंगी डेरा के आसपास हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर से ट्रक चालक शैलेंद्र यादव पुत्र राम किशोर यादव उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी केदार खेड़ा बउरी थाना अचलगंज जनपद उन्नाव की मौके पर मौत हो गई दोनों ट्रकों की टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों ट्रैकों के परखच्चे उड़ गए दूसरा ट्रक डिंपल जैन अभिषेक जैन निवासी शिवपुरी मध्य प्रदेश का बताया गया है जिनको घटना की सूचना दी गई है घटना की सूचना पाते ही मौके पर थाना अध्यक्ष चिल्ला अर्पित पांडे मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नगर कॉन्ग्रेस कमेटी की बैठक जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि सुनील दुबेदी जिला महासचिव ,विशेष अतिथि सुरेश नगाइच जिला सचिव उपस्थित रहे ।

इस बैठक मैं नगर कॉन्ग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को नगर अध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी द्वारा वितरण कर उनका दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सैन ने किया । कार्यक्रम को सोनल पटेल पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल खान ,आंसू गुजर ,अश्वनी पस्तोर आदि ने संबोधित किया। अंत में आभार आजाद खान मेंबर ने व्यक्त किया। इस मौके पर मनोज कुमार, आशीष बर्मा, लालाराम पांचाल, आशीष चतुर्वेदी, भानु बर्मा, आरिफ खान, ठाकुरदास, राघवेंद्र सेनी, राजीव, आलोक दुबेदी, पंकज पांचाल, शशिकांत चौरसिया को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# सट्टा खिलाने वाले पूर्व पार्षद समेत 4 अरेस्ट

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में आईपीएल मैच में सट्टेबाजी करने वाले भाजपा नेता और पूर्व पार्षद संतोष श्रीवास समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलाते थे। झांसी महानगर में पुलिस सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही थी। इससे बचने के लिए चारों ने एक गांव में अपना ठिकाना बना लिया था।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बबीना पुलिस ने दबिश देकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 3 लेपटॉप, 17 मोबाइल, एक टेबलेट और 10 रजिस्टर बरामद हुए हैं। इन रजिस्टर में सट् ?टा से संबंधित डेढ़ करोड़ रुपए का हिसाब-किताब मिला है। जबकि वेबसाइट पर 3.96 लाख रुपए के डिजिटल क्वाइन मिले हैं। गिरफ्तारी के बाद बबीना पुलिस ने सटोरियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया। क्रेटा जैसी लग्जरी कार से उनको कोर्ट ले जाकर पेश किया। साथ ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इसी कार से आरोपियों को लाया गया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

# झांसी में रेट को लेकर ग्राहक- दुकानदार भिड़े

## ग्राहक बोला- तुम्हारी बात करनी की टोन खराब, दुकानदार ने झल्लाकर जवाब दिया, बैट और स्टंप चले

**झांसी।** सामान के रेट और बात करने की टोन को लेकर दुकानदार और ग्राहक आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि बीच बाजार बैट और स्टंप चलने लगे। दुकानदार और दो कर्मचारियों ने ग्राहक को बैट और स्टंप से पीटा।

बचाव में ग्राहक भी उन पर बैट भांजते हुए दिखा। 10 मिनट तक रोड पर लड़ाई चलती रही। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कर दिया। गनीमत रही कि बैट और स्टंप प्लास्टिक के थे, नहीं तो दोनों पक्षों को गंभीर चोट आ सकती थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को थाने ले गई और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। घटना रविवार को कोतवाली थाना क्षेत्र के मानिक चौक की है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया है। शहर कोतवाली इलाके के मानिक चौक बाजार में विनय अग्रवाल की लक्ष्मी स्पोर्ट्स नाम से दुकान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- रविवार को एक ग्राहक विनय की दुकान पर आया। बॉस्केट बॉल और बैट दिखाने के लिए कहा। विनय अग्रवाल ने उसके 750 रुपए मांगे। ग्राहक ने कहा- दूसरी जगह 700 रुपए में मिल रहा है। रेट अधिक है। दाम कुछ कम करो। रेट कम कराने को लेकर दोनों के बीच बहस होने लगी। बाद में ग्राहक ने बॉस्केट बॉल, बैट के लिए 750 रुपए पेमेंट कर दिए। इसके बाद दुकानदार से बोला- तुम बात करने की टोन ठीक कर लो। ग्राहक से बात करने का तरीका ठीक नहीं है। इस पर दुकानदार ने झल्लाते हुए कुछ कह दिया। इससे ग्राहक भी नाराज हो गया। दोनों के बीच गाली गलौच होने लगी तो दुकानदार भी बाहर आ गया। इससे विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इसके बाद दुकानदार और दो कर्मचारियों ने बैट और विकेट निकाल लिया। उसके बाद ग्राहक को पीटने लगे। खुद को घिरा देखकर ग्राहक ने भी बैट और स्टंप निकाल लिया। बचाव में उसने भी दुकान के मालिक और कर्मचारी पर अटैक कर दिया। काफी देर तक दोनों तरफ से मारपीट होती रही। शोर सुनकर भीड़ लग गई।कुछ लोगों ने बीच बचाव करते हुए दोनों पक्षों को अलग-अलग कर दिया। दुकानदार विनय अग्रवाल ने बताया- परीछा का एक इंजीनियर दुकान पर सामान खरीदने आया था। सामान खरीदकर उसने पेमेंट कर दी थी। इसके बाद वो बाहर निकला तो अभद्र टिप्पणी करने लगा। जब बर्दाश्त के बाहर हो गया तो हमने उसके साथ मारपीट की। उसने भी हम लोगों को पीटा। कोतवाली थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने कोई शिकायत नहीं की है। आपस में उनका समझौता हो गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब भरने के लिए एकजुट हुए पार्षद

## -शासन से तालाब भरने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** नगर में व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर पालिका अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान के पक्ष में नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदों ने विशेष बैठक कर तालाब भरने की मांग की। बैठक में बोलते हुए पार्षद नीरज घोष ,नितेश मोदी, भरत राठौर,अज्जू मौर्य, गोविंद सिंह सिसोदिया, ऋषभ वशिष्ठ आदि ने कहा कि तालाब खाली होने से नगर में पेयजल का संकट गहरा गया है ।हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला गया है ।महिलाओं को दूर दराज से पानी भरना पड़ रहा है। इस भीषण समस्या को देखते हुए तालाब को अभिलंब भरा जाए ।इसके अलावा पार्षद दीपक यादव प्रतिनिधि, अखंड यादव, कैलाश कुशवाहा, सलमान खान ,बृजेंद्र घोष ,आदि ने भी संबोधित करते हुए तालाब भरने की पुरजोर मांग शासन से की।

बैठक में पार्षद राजू वाला ,अखिलेश कुमार ,लोकेंद्र सिंह, राजीव कुमार ,गजेंद्र सिंह बरोनया ,सुनील कुमार ,राकेश कुमार ,अजय कुमार ,भरत ,भुवनेश अर्जरिया ,सुमंत सोनी, देवी सिंह, पूर्व पार्षद राकेश त्रिपाठी ,ठेकेदार गुड्डू चौहान आदि उपस्थित रहे।

# युवक ने विषाक्त पदार्थ का किया सेवन, मौत

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** नगर के एक मोहल्ले 35 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर अचेत हो गया। जिला अस्पताल में इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिवार में सिर्फ इकलौता बेटा था। मृत्यु की सूचना पर मौजूद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। बता दे कि नगर के मोहल्ला सदर बाजार निवासी जय किशन गुप्ता पुत्र स्वर्गीय सुशील कुमार गुप्ता का उत्तराखंड के देहरादून निवासी एक महिला से मोबाइल के माध्यम से परिचय हुआ था धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। बताया जाता है कि महिला अपने आठ वर्षीय पुत्र के साथ कुछ माह पूर्व कालपी आकर जयकिशन के साथ रहने लगी थी इसी बीच महिला के पति ने देहरादून में पत्नी और बच्चे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन कालपी में मिलने पर उत्तराखंड पुलिस ने 6 अप्रैल 2026 की रात कालपी पुलिस के सहयोग से सदर बाजार स्थित मकान में छापेमारी कर महिला और उसके पुत्र को बरामद कर लिया था उस दौरान जयकिशन को भी हिरासत में लिया गया था हालांकि बाद में पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था ।सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद भी दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत जारी रही और जयकिशन का देहरादून आना-जाना भी लगा रहा। रविवार रात प्रेमिका से मोबाइल पर बातचीत के बाद जयकिशन ने कथित रूप से सल्फास खा लिया हालत बिगड़ने पर मोहल्ले के लोगों ने एंबुलेंस से उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल में पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पुलिस अभिरक्षा में जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718